## एक्सप्रेस-वे पर पलटा टैंकर,डीजल लूटने की मची होड़



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले से गुजर रहे दिल्ली-मुंबई 8 लेन एक्सप्रेस-वे पर बुधवार दोपहर एक अजीब नजारा देखने को मिला। बायो डीजल से भरा टैंकर पलटते ही सड़क पर डीजल की धारा बह निकली। हादसे के कुछ ही मिनटों में आसपास के गांवों के लोग कैन, बाल्टी, कुप्पी और अन्य बर्तन लेकर मौके पर पहुंच गए और बह रहे डीजल को भरकर ले जाने की होड़ मच गई।

हादसा रावटी थाना क्षेत्र में माही नदी पुल पार करने के बाद भीमपुरा के समीप दोपहर करीब 12 बजे हुआ। गुजरात की ओर से रतलाम आ रहा टैंकर अचानक असंतुलित होकर पलट गया और कुछ दूरी तक घिसटता चला गया। टक्कर के कारण टैंकर का एक हिस्सा फट गया, जिससे उसमें भरा बायो डीजल सड़क से बहते हुए किनारे के नाले में पहुंचने लगा।

डीजल बहने की सूचना फैलते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। किसी ने छन्नी लगाकर तो किसी ने सीधे बर्तनों में डीजल भरना शुरू कर दिया। कुछ देर के लिए घटनास्थल पर लोगों की भीड़ जमा हो गई और पूरा ध्यान बहते डीजल पर रहा, जबकि चालक टैंकर के भीतर ही फंसा हुआ था।

सूचना मिलने पर डायल-112 और रावटी थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिसकर्मियों ने भीड़ को हटाकर क्षेत्र खाली कराया, जिसके बाद राहत कार्य शुरू हो सका। बाद में टैंकर को सीधा कराया गया। 8 लेन एक्सप्रेस-वे की एंबुलेंस टीम ने चालक हनुमान प्रसाद को केबिन से बाहर निकालकर प्राथमिक उपचार दिया और दोपहर करीब 2 बजे मेडिकल कॉलेज रतलाम में भर्ती कराया।

## वन भूमि विवाद में हत्या के मुख्य आरोपी सहित 5 गिरफ्तार

- कागलीखोरा में चाकूबाजी के बाद हुई थी हत्या
- वारदात में प्रयुक्त चाकू बरामद, अन्य आरोपियों की तलाश जारी



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** जिले के बाजना थाना क्षेत्र के ग्राम कागलीखोरा में वन विभाग की शासकीय भूमि को लेकर हुए विवाद में 17 वर्षीय युवक की हत्या के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए मुख्य आरोपी सहित पांच आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त चाकू भी बरामद कर लिया है, जबकि मामले में अन्य आरोपियों की तलाश जारी है।

पुलिस के अनुसार 28 जुलाई को ग्राम कागलीखोरा में वन विभाग की शासकीय भूमि को लेकर दो पक्ष आमने-सामने आ गए थे। विवाद के दौरान लक्ष्मण पिता बहादुर मचार (17) पर चाकू से हमला किया गया। गंभीर रूप से घायल लक्ष्मण की मौत हो गई।

मृतक के पिता बहादुर मचार की शिकायत पर बाजना थाने में अपराध क्रमांक 449/2026 दर्ज कर भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1), 191(2), 191(3) एवं 296(बी) के तहत प्रकरण कायम किया गया।

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अमित कुमार के निर्देश पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राकेश पंद्रो एवं एसडीओपी सैलाना नीलम बघेल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी निरीक्षक रविन्द्र दंडोतिया के नेतृत्व में विशेष टीम गठित की गई।

टीम ने संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश देकर मुख्य आरोपी रमेश पिता रावजी मचार (32) सहित ज्योतिलाल उर्फ जोतिया (19), विकास मचार (23), राजू मचार (22) और मोहन मचार (52) को गिरफ्तार कर लिया। सभी आरोपी ग्राम कागलीखोरा के निवासी हैं।

पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर हत्या में प्रयुक्त चाकू भी जब्त कर लिया है। मामले में अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी और घटना से जुड़े सभी पहलुओं की जांच जारी है।

इस कार्रवाई में थाना प्रभारी रविन्द्र दंडोतिया, उप निरीक्षक योगेश निनामा, उप निरीक्षक रामसिंह खपेड़ तथा पुलिस टीम के अन्य सदस्यों की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## संयुक्त विभागीय दल द्वारा दस्तक अभियान की मॉनिटरिंग की



**रतलाम।** मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सुभाष चंद्र जैन के संयुक्त दल ने रतलाम जिले के सैलाना ब्लॉक के आयुष्मान आरोग्य मंदिर करिया के अंतर्गत ग्राम पहाड़ी बंगला तथा पिपलोदा ब्लॉक के ग्राम मचून में ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस का औचक निरीक्षण किया। भ्रमण के दौरान उन्होंने शून्य से 5 वर्ष आयु समूह के बच्चों में बाल्यकालीन बीमारियों की देखभाल, 9 माह से 5 वर्ष आयु के बच्चों का हीमोग्लोबिन परीक्षण कर उन्हें आयरन फोलिक एसिड की प्रदायगी, विटामिन-ए अनुपूरण, सभी आवश्यक टीकाकरण, गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य देखभाल, गर्भावस्था की प्रथम तिमाही में उनका पंजीयन, ओआरएस पैकेट एवं जिंक की गोलियों का वितरण तथा कुपोषित बच्चों की पहचान कर उन्हें पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती कराने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। भ्रमण के दौरान लोकेश वैष्णव सहित विभिन्न अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**रतलाम।** विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा एवं जेल अधीक्षक एल.एस. भदौरिया के मार्गदर्शन में जिले की जेलों में हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच हेतु विशेष शिविर आयोजित किए गए। अभियान के प्रथम दिन 27 जुलाई 2026 को जिला जेल रतलाम में 191 बंदियों की हेपेटाइटिस बी एवं सी की जांच की गई। वहीं 28 जुलाई 2026 को विश्व हेपेटाइटिस दिवस के अवसर पर जिला जेल रतलाम में 254, उप जिला जेल जावरा में 191 तथा उप जिला जेल सैलाना में 31 जांच की गईं। इस प्रकार दो दिनों में कुल 667 हेपेटाइटिस बी एवं सी जांच की गईं। शिविर के दौरान बंदियों को हेपेटाइटिस बी एवं सी के संक्रमण, बचाव, समय पर जांच एवं उपचार के संबंध में जागरूक किया गया। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी डॉ. गौरव बोरिवाल, नोडल चिकित्सा अधिकारी डॉ. रोहित भूरिया, जिला मीडिया अधिकारी श्रीमती सरला वर्मा, लैब टेक्नीशियन डी.पी. केलवा, पीयर सपोर्टर हेमंत मकवाना, आईसीटीसी काउंसलर अपूर्वा शर्मा, संपूर्ण सुरक्षा केंद्र से ओआरडब्ल्यू हिमांशु चौहान तथा टीआई एनजीओ से संजाब कुरैशी सहित संबंधित स्वास्थ्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जिले में अब तक 293.88 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**रतलाम।** जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 293.88 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जबकि पिछले 24 घन्टों में रतलाम जिले में 0.25 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। पिछले 24 घन्टों में आलोट में 0.00 मि.मी., जावरा में 0.00 मि.मी., ताल में 0.0 मि.मी., पिपलोदा मे 0.0 मि.मी., बाजना में 0.0 मि.मी., रतलाम में 0.0 मि.मी., रावटी में 2.0 मि.मी. एवं सैलाना में 0.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है। विगत 1 जून से अब तक वर्षामापक केन्द्र आलोट में 322.0 मि.मी., जावरा में 309.0 मि.मी., ताल में 250.0 मि.मी., पिपलोदा में 360.0 मि.मी., बाजना में 189.0 मि.मी., रतलाम में 381.0 मि.मी., रावटी में 241.0 मि.मी. एवं सैलाना में 299.0 मि.मी., वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।

## शहीद नरेंद्र सिंह शिक्षा महाविद्यालय में गुरु-शिष्य परंपरा का हुआ सम्मान




**जावरा।** उच्च शिक्षा विभाग, मध्य प्रदेश शासन के निर्देशानुसार शहीद नरेंद्र सिंह शिक्षा महाविद्यालय, जावरा में गुरु पूर्णिमा का पर्व अत्यंत श्रद्धा, उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथियों एवं प्राध्यापकों द्वारा माँ सरस्वती के चित्र तथा गुरु परंपरा के आद्यप्रवर्तक महर्षि वेदव्यास जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. महेश कुमार शर्मा ने भारतीय संस्कृति में गुरु के सर्वोच्च स्थान को रेखांकित किया। उन्होंने कहा गुरु केवल किताबी ज्ञान का संचार नहीं करते, बल्कि वे विद्यार्थी के संपूर्ण व्यक्तित्व निर्माण, नैतिक संस्कारों के विकास और जीवन को सही दिशा प्रदान करने में अहम भूमिका निभाते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों का आह्वान किया कि वे अपने जीवन में गुरुजनों के प्रति सम्मान, अनुशासन, समर्पण और नैतिक मूल्यों को पूरी निष्ठा से आत्मसात करें। इस अवसर पर महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने गुरु वंदना, प्रेरक भाषण एवं काव्य पाठ की मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इन प्रस्तुतियों के माध्यम से विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों के प्रति असीम श्रद्धा और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में मौजूद प्राध्यापकों ने भी गुरु-शिष्य परंपरा के ऐतिहासिक एवं व्यावहारिक महत्व पर अपने विचार साझा किए तथा युवाओं को अपनी सांस्कृतिक जड़ों व मूल्यों से जुड़े रहने का संदेश दिया। संचालन संजय त्रिपाठी व आभार व्याख्याता मधु शर्मा ने माना।

## गुरु सम्मान के साथ गूंजा शिक्षा और संस्कार का संदेश



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** गुरु पूर्णिमा श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाई गई। जिला स्तरीय समारोह में उत्कृष्ट शिक्षकों, प्राचार्यों और विद्यार्थियों का सम्मान हुआ, वहीं विभिन्न धार्मिक और सामाजिक संस्थाओं में गुरु पूजन, प्रवचन और सम्मान समारोह आयोजित कर गुरु-शिष्य परंपरा का गौरव बढ़ाया गया।

**स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज का पूजन:** दो मुंह की बावड़ी स्थित दंडी स्वामी आश्रम में गुरु पूर्णिमा पर श्रृंगेरी मठ के परम पूज्य स्वामी आत्मानंद सरस्वती महाराज का श्रद्धाभाव से पूजन-अर्चन किया गया। गुरुदेव के परम शिष्य महर्षि संजय चैतन्य ब्रह्मचारी, दिनेश वाघेला, महावीर सिंह शक्तावत बाबूलाल सिसोदिया, श्यामा वाघेला,पूजा मित्तल, रेखा राठौड़ सहित अनेक श्रद्धालुओं ने विधि-विधान से पूजन-अर्चन किया। अपने प्रवचन में स्वामीजी ने आत्मचिंतन, सेवा, संयम और सत्कर्मों को जीवन का आधार बताते हुए गुरु के महत्व पर प्रकाश डाला।

**योग साधकों ने किया गुरु का सम्मान:** कॉलेज रोड स्थित मानव सेवा समिति योग क्लास में गुरु पूर्णिमा महोत्सव उत्साहपूर्वक मनाया गया। योग साधकों ने योग गुरु रामबाबू यादव का सम्मान किया। समिति संचालक दिनेश वाघेला ने बताया कि संस्था पिछले 23 वर्षों से नि:शुल्क योग प्रशिक्षण दे रही है। कार्यक्रम में साधकों ने नियमित योग, स्वस्थ जीवन और समाज सेवा का संकल्प लिया। गुरु सम्मान समारोह में प्रमुख रूप से दिनेश वाघेला, बाबूलाल सिसोदिया, अशोक तिवारी, विनोद बैरागी, पूर्व प्रधानाध्यापक श्री गुप्ता, रामचंद्र भाटी, राजकुमार पंजाबी, कीर्ति सोनी, नारायण पाटीदार, मुकेश अग्रवाल, सुभाष मुरार, महेश उपाध्याय, रितेश परिहार, गोपाल कृष्ण मेहता एवं देवेंद्र चौहान उपस्थित रहे।

## जिला स्तरीय गुरु पूर्णिमा समारोह में 23 प्राचार्यों का सम्मान



**रतलाम।** शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में 15 दिवसीय गुरु पूर्णिमा पखवाड़े का समापन जिला स्तरीय समारोह के साथ हुआ।समारोह के मुख्य अतिथि महापौर प्रहलाद पटेल थे। अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष प्रदीप उपाध्याय ने की। विशिष्ट अतिथियों के रूप में नगर निगम अध्यक्ष मनीषा शर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी वैशाली जैन, जिला शिक्षा अधिकारी सिमरन सूर्यवंशी, क्षेत्रीय पार्षद अनिता कटारा, नारायण सांकला वरिष्ठ पार्षद (एल्डरमैन) मंगल लोढ़ा वरिष्ठ पार्षद (एल्डरमैन), तथा पीटीए अध्यक्ष चंद्रकला शर्मा की गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम के संयोजक प्राचार्य सुभाष कुमावत थे। समारोह में माध्यमिक शिक्षा मंडल परीक्षा में शत-प्रतिशत परिणाम देने वाले जिले के 23 प्राचार्यों, उत्कृष्ट शिक्षकों तथा विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। सम्मानित प्राचार्यों में सुभाष कुमावत, कमल सिंह राठौर, राजकुमार सरवन, रामनारायण केरावत, समरथ सिंह भूरिया, जितेंद्र कौशिक, इनामुर रहमान शेख, राजेंद्र अग्रवाल, श्रीमती भारती तोमर, श्रीमती रचना सक्सेना, संजय कुमार शर्मा, मोहनलाल सांसरी, हरिश्चंद्र सिंह सिसोदिया, हीरालाल प्रजापत, शांतिलाल देवड़ा, भेरूलाल चौहान, परमेश्वर पाटीदार, लाल सिंह मईड़ा, गजराज सिंह सिसोदिया, मुजफ्फर हुसैन, अनिल लहरी, कमल किशोर पचौरी एवं डूंगर सिंह हरोड़ को प्रशस्ति-पत्र एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया।साथ ही गुरु पूर्णिमा पखवाड़े के अंतर्गत आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया।



## गुरु द्रोणाचार्य विद्यालय में गुरु पूर्णिमा पर्व मनाया

**नामली।** गुरु द्रोणाचार्य विद्यालय, नामली में गुरु पूर्णिमा का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने अपने गुरुजनों का सम्मान करते हुए उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। इसके बाद विद्यार्थियों ने गुरु के महत्व पर आधारित भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर सभी का मन मोह लिया। विद्यालय के प्राचार्य एवं शिक्षकों ने विद्यार्थियों को गुरु पूर्णिमा का महत्व बताते हुए कहा कि गुरु ही व्यक्ति के जीवन को सही दिशा देकर उसे सफलता के मार्ग पर अग्रसर करते हैं।

कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाएं, स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। अंत में सभी ने गुरुजनों के प्रति सम्मान व्यक्त करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

## सेंट स्टीफन स्कूल में फायर सेफ्टी सिस्टम का निरीक्षण

**रतलाम।** गांधी नगर स्थित सेंट स्टीफन स्कूल में विद्यार्थियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए स्थापित फायर सेफ्टी व्यवस्था का विभाग की टीम ने निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल परिसर में लगाए गए अग्निशमन उपकरणों और सुरक्षा व्यवस्थाओं की जांच कर उनकी कार्यक्षमता का आकलन किया गया। स्कूल संचालक संजय उपाध्याय ने बताया कि संस्था में विद्यार्थियों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। इसी उद्देश्य से स्कूल में आवश्यक फायर सेफ्टी उपकरण स्थापित किए गए हैं और उनका समय-समय पर रखरखाव भी कराया जाता है, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी कार्रवाई की जा सके। उन्होंने कहा कि सुरक्षित वातावरण में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना संस्था की प्राथमिक जिम्मेदारी है। इसी सोच के साथ सुरक्षा मानकों का नियमित पालन और समय-समय पर उनका परीक्षण कराया जाता है। अग्निशमन उपकरणों तीन वर्ष के लिए वैध हैं।

## सृजन महाविद्यालय में चला 'एक वृक्ष गुरु के नाम' अभियान



**नव भारत न्यूज**

**रतलाम।** गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर सृजन महाविद्यालय में 'एक वृक्ष गुरु के नाम' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य गुरु के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने के साथ-साथ प्रकृति संरक्षण एवं मानवीय दायित्वों के प्रति समाज को जागरूक करना रहा। इस अवसर पर महाविद्यालय के शिक्षक एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए वृक्षारोपण किया तथा उनके संरक्षण का संकल्प लिया।

संस्था के चेयरमैन एवं सृजन भारत के संयोजक अनिल झालानी के मार्गदर्शन एवं संदेश के अनुरूप आयोजित किया गया। उन्होंने कहा कि वृक्ष लगाना ही समर्पण नहीं है, बल्कि उसका पालन-पोषण और संरक्षण करना भी प्रत्येक व्यक्ति का नैतिक कर्तव्य है। संस्था के समन्वयक निसर्ग दुबे ने कहा कि गुरुपूर्णिमा केवल एक पर्व नहीं, बल्कि उस दिव्य ऊर्जा, ज्ञान और प्रेरणा के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का अवसर है, जिसके मार्गदर्शन से हमारे जीवन को दिशा, ओज और संस्कार प्राप्त होते हैं।

संस्था के प्राचार्य डॉ जिंदल यादव ने सभी विद्यार्थियों एवं उपस्थितजनों से 'एक वृक्ष गुरु के नाम' अभियान को जन-जन तक पहुँचाने तथा प्रत्येक व्यक्ति को कम से कम एक वृक्ष लगाकर उसके संरक्षण का संकल्प लेने का आग्रह किया।

## एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत मॉनिटरिंग की



**रतलाम।** एनीमिया मुक्त भारत अभियान अंतर्गत प्रिंसिपल मैनेजर सप्लाई चेन, एविडेंस एक्शन नई दिल्ली तेजस चावड़ा एवं उज्जैन संभाग के संभागीय समन्वयक कपिल यति द्वारा संयुक्त रूप से जिला रतलाम का भ्रमण किया गया। जिसके अंतर्गत तेजस चावड़ा द्वारा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. किरण वाडिवा से मुलाकात कर अभियान के बारे में जानकारी प्राप्त की। उनके द्वारा जिला स्टोर रतलाम, ब्लॉक स्टोर पिपलोदा एवं सांदीपनि स्कूल सैलाना की मॉनिटरिंग की गई।

श्री चावड़ा द्वारा बताया गया कि भारत सरकार की डीवीडीएमएस रैंकिंग में हमारे मध्यप्रदेश का देश में 05वां स्थान है, जो कि हमारे लिए एक उपलब्धि है। साथ ही एमपी ई-औषधि द्वारा आयरन की उपलब्धता मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से सुनिश्चित एवं सुदृढ़ करने हेतु प्रयास किया जा रहा है।

## हम्माल लाइसेंस अनिवार्य, बिना लाइसेंस काम कराया तो व्यापारी फर्म होगी जिम्मेदार

**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** कृषि उपज मंडी समिति जावरा ने मंडी प्रांगण और व्यावसायिक प्रतिष्ठानों में कार्यरत सभी हम्मालों (श्रमिकों) के लिए अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) बनवाना अनिवार्य कर दिया है।

मंडी सचिव आर वसुनिया द्वारा जारी आधिकारिक आदेश के अनुसार, जावरा एवं अरनियापीथा मंडी परिसर में स्थित दुकानों/फर्मों पर कार्यरत हम्मालों को मंडी अधिनियम व उपविधि के प्रावधानों के तहत अनुज्ञप्ति प्राप्त करना आवश्यक है। मंडी समिति ने व्यापारी संघ-संगठन के पदाधिकारियों को अवगत कराया है कि पूर्व में सूचित किए जाने के बावजूद कई व्यापारी फर्मों द्वारा बिना लाइसेंस के ही हम्मालों से कार्य कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान यदि कोई हम्माल बिना वैध लाइसेंस के कार्य करता पाया गया अथवा किसी अवैध कृत्य में लिप्त मिला, तो उसकी संपूर्ण जवाबदेही संबंधित व्यापारी-फर्म की होगी।

**लाइसेंस आवेदन के लिए आवश्यक दस्तावेज:** नवीन हम्माल अनुज्ञप्ति या पुरानी अनुज्ञप्ति के नवीनीकरण के लिए आवेदन एमपी ऑनलाइन के माध्यम से किया जाएगा। इसके लिए दस्तावेज संलग्न करना अनिवार्य है। जिसमें पुलिस चरित्र प्रमाण-पत्र संबंधित थाना प्रभारी द्वारा जारी। आधार कार्ड छायाप्रति। समग्र आईडी छायाप्रति। बैंक पासबुक छायाप्रति। नवीनतम 2 पासपोर्ट साइज फोटो। नियोजन प्रमाण-पत्र फर्म के लेटरहेड पर दुकान/प्रतिष्ठान में कार्यरत होने का प्रमाण (सील एवं हस्ताक्षर सहित) देना अनिवार्य है।

**एक नजर में** — श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज का 20 वां दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव संपन्न

## चल समारोह व कलश यात्रा का जगह-जगह हुआ आत्मीय स्वागत



**नव भारत न्यूज**

**जावरा।** श्री दामोदर वंशीय जूना गुजराती दर्जी समाज सकल पंच, जावरा द्वारा आयोजित 20 वां दो दिवसीय गुरु पूर्णिमा महोत्सव बुधवार को भव्य महाआरती एवं महाप्रसादी के साथ अत्यंत श्रद्धा, उत्साह और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ।

अखंड बाल ब्रह्मचारी श्री गुरु टेकचंदजी महाराज एवं ब्रह्मलीन परम पूज्य संत श्री रघुवीरजी महाराज के पावन आशीर्वाद से आयोजित इस दो दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान से संपूर्ण नगर धर्ममय हो उठा।

दो दिवसीय महोत्सव की शुरुआत मंगलवार, 28 जुलाई को लालगली स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में प्रात: हवन-पूजन एवं धार्मिक अनुष्ठान के साथ हुई। दोपहर में सेजावता स्थित श्री गुरु टेकचंद धाम भूमि स्थल से विशाल वाहन रैली निकाली गई, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होती हुई गुजरी। शाम को दर्जी समाज महिला मंडल एवं तालीदाना वाले रमेशचंद्र परमार व रितेश जी परमार के सौजन्य से भव्य भजन संध्या तथा महाप्रसादी का आयोजन हुआ।

### सफेद व केसरिया परिधान में निकला चल समारोह

महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार, 29 जुलाई को प्रात: भगवान का अभिषेक किया गया। तत्पश्चात प्रात: 8 बजे भव्य चल समारोह एवं विशाल कलश यात्रा निकाली गई। समाज के निर्णय अनुसार पुरुष सफेद वस्त्रों में तथा महिलाएं केसरिया परिधान धारण कर शामिल हुईं। सिर पर मंगल कलश धारण किए महिलाएं और गुरु भक्ति के भजनों पर थिरकते श्रद्धालु चल समारोह की शोभा बढ़ा रहे थे। दोपहर 12 बजे लालगली स्थित श्री सत्यनारायण मंदिर में भव्य महाआरती की गई। इसके बाद दोपहर 12:30 बजे से रावण द्वार स्थित गीता भवन में लाभार्थी सोलंकी परिवार (ढोढर) के सौजन्य से विशाल महाप्रसादी का आयोजन हुआ, जिसमें हज़ारों श्रद्धालुओं ने धर्मलाभ लिया।